# Ranchi University NEWSLETTER

July 2022


## कुलपति का संदेश



विश्वविद्यालय के मुखिया के रूप में हमें इस बात का बोध है कि हम देश के ऐस्पिरिशनल जिलों के बीच विद्या के सर्वोच्च पीठ से जुड़े हैं। राँची विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले जिलों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारा उत्तरदायित्व होता है कि इस क्षेत्र का न केवल शैक्षिक–बौद्धिक विकास करें बल्कि अपनी विश्वविद्या से क्षेत्र के आर्थिक–भौतिक– सर्वांगीण विकास के संवाहक बने।

स्नातकोत्तर विभाग के शिक्षकों से हमारा विशेष आग्रह है कि वे शोध कार्यों पर निरन्तर ध्यान दें। देश विदेश की तमाम ऐजेन्सियाँ आपको प्रोजेक्ट देने को उत्सुक है आप आगे बढ़ कर उन्हें प्राप्त करें, पूरा करें, यश के भागी बनें और विश्वविद्यालय की रैंकिंग को उन्नत करने में सहभागी बनें।

गूगल आज गुरु पर भारी पड़ रहा है। छात्र क्लास रूम से उदासीन हो रहे हैं। हमें छात्रों को क्लास से बाँधना है। आप टयूटोरियल क्लास लीजिए। सिलेबस से जुड़े प्रोजेक्ट कार्य करवा कर छात्रों को उनमें रुचि पैदा करें, क्लास रूम को रुचिकर बनावें। पुस्तकालय–वाचनालय को जीवन्त बनाइए। छात्रों में पुस्तक–प्रेम विकसित करना भी हमारा दायित्व है। इसके लिए हमें समय देना होगा। मैं स्वयं आपके बीच नियमित आता रहूँगा।

हमारा वर्तमान उद्यमशील है, भविष्य अवश्य प्रकाशमय होगा। और हाँ, यदि आपको कोई समस्या हो, रुकावट का सामना करना पड़ रहा हो आप अपनी बात लिख कर हमें भेजें, हमारा प्रयास होगा कि यथाशीघ्र सब का समाधान कर दिया जाये।

इन्हीं बातों के साथ आपको आने वाले सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

**प्रो. अजीत कुमार सिन्हा**

## नवनियुक्त कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया

विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने 21 जून को पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त कुलपति ने कहा है कि रांची विवि झारखण्ड का सबसे पुराना विवि है। यहां शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच अच्छा सामंजस्य है। साथ ही, सबसे अधिक विषयों की पढ़ाई भी यहीं होती है। इसे और बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य रांची विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करना है, जिसमें बहुविषयक पढ़ाई का प्रावधान है। मारवाड़ी कॉलेज एलुमनाई एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मिलकर उन्हें बधाई दी। रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों और महाविद्यालयों के अतिथि शिक्षकों ने 23 जून को रांची विवि के नए कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। मौके पर कुलपति ने कहा कि जिस गति से समाज बदल रहा है, उसी गति से हम शिक्षकों को योगदान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और अधिक चुनौतियां होंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप हर शिक्षक को काम करना होगा। जिससे गांव के अंतिम व्यक्ति तक को शिक्षा व कौशल उपलब्ध हो सके। मौके पर उपाध्यक्ष प्रेमलता, महासचिव अंकित शर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ रंजू, अफताब जमील, शशि शेखर, डॉ अमित कुमार, डॉ स्मिता, डॉ ज्योति, डॉ एमडी ताल्हा, डॉ तस्लीमा, रेणुका, डॉ रीना, निहारिका आदि उपस्थित थे।



वैज्ञानिक सहायक पद पर चयनित होने के बाद विवि केमेस्ट्री विभाग की टॉपर छात्रा को गत 23 जून को मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र मिला।

## Credentials

**Patron :** *Vice-Chancellor*
**Editor :**
*Dr RK Sharma, Associate Prof. of English, University Department*
**Managing Editor :**
*Dr Kanjiv Lochan, Astt. Prof. of History, University Department*
**Representatives**
Birsa College, Khunti
*Naseem Haider*
B S College, Lohardaga
*Dr. Nikhil Kumar*
Doranda College, Ranchi
*Dr. Nilu Kumari*
Gossner College, Ranchi
*Dr. Subrato*
J N College, Ranchi
*Umesh Kumar*
RLSY College, Ranchi
*Dr. Agha Zafar*
Mandar College, Mandar
*Umesh Kumar*
Marwari College, Ranchi
*Rahul Kumar*
Simdega College, Simdega
*Dr. Tiriyo Ekka*
School of Humanities (PG Depts.)
*Dr. Kumud Kala Mehta*
School of Science (PG Depts.)
*Dr. Anand Kumar Thakur*
University Affaires
*NSS Coordinator Dr. Brajesh Kumar*
Photographer
*Niranjan Kumar*
We are looking for representatives for the *Newsletter* from teachers/individuals of the following institutions :
B N J College, Sisai
K O College, Gumla
K C B College, Bero
Marwari College, Ranchi
P P K College, Bundu
Ranchi Women's College
S S Memorial College, Ranchi
Minority Colleges
Registrar's office
School of Commerce
School of Social Sciences

# From the editor's desk

The University, at the cusp of change, got a new Vice Chancellor, Prof. Ajit Kumar Sinha. It augers well for the coming NAAC inspection. The good work initiated by Prof. Kamini Kumar, Pro- Vice Chancellor, and acting Vice Chancellor for the past one and a quarter years, will be carried forward and consolidated in pursuance of best practices by the honourable Vice Chancellor.

The proposed one year P. G. Diploma in Cyber Security course will fulfill a much needed expertise in this field to address the growing instances of cyber crime and will provide excellent opportunities to students to explore employment for future in this field. Further impetus to quality in research is being given with the organization of seminars and workshops on research methodology by different departments of the university and Radio Khanchi. Radio Khanchi has also signed two MOUs with Vigyan Prasar and Prodyogiki Department, Government of India, on June 20, 2022. The MOUs are for the dissemination of scientific knowledge in regional languages and for spread of science literacy among adults. In addition the university will also provide mentorship to ten community radios of various tribal regions of Jharkhand which will be significant and in tune with NEP 2020 objectives.

International Yoga Day was celebrated with customary zeal across all the colleges and the university. Enjoy more news of academic and cultural activities in this newsletter as the university prepares for a new academic session. It is admission season across colleges in general as well as vocational courses.

A university is known by the value that is attached to its degree. If selection procedures and eligibility/ entrance tests are indicators to go by then clearly there is a deep divide between what the universities are teaching and testing and what the employment market is looking for. Not only does the curriculum and pedagogy need urgent recalibration but also the examination and evaluation practices. We have pledged some points in this direction below. Responses will be welcome from the thinking minds of the University 's vast knowledge pool.

## For your kind attention please

### Need to overhaul the Examinations

क्या कहें अहबाब क्या कार-ए-नुमाया कर गये
बीए हुए नौकरी की, बच्चे किए मर गए!

About hundred years ago, when Akbar Alahabadi wrote these lines passing BA exams indeed meant obtaining a government job in immediate future. Earning a BA degree was so significant and intricate those days that it became part of the names of concerned individuals as one finds it in case of noted Hindi writers Acharya Ramchandra Shukla, BA and Shri Shyam Sundar Das, BA. The great significance of BA degree continued as a reality up to 1940 s as in a famous number filmed in '*Ankhen*' (released in 1950), the heroine Nalini Jayant would dismiss her non-BA counterpart's advances with the words : हमसे नैन मिलाना बीए पास करके.........*

Significance of a graduate degree as the only link to a good job continued past independence. After 1970 s however, the image of graduate degree and for that matter other certificates was so soiled by shenanigan practices that instead of depending on university degrees the job provider agencies of the country started to organize their own tests and examinations to select capable aspirants. After establishment of Staff Selection Commission (SSC) at centre in Nov. 1975, most of the states have commissioned separate agencies to test the aspirants seeking positions of even a group D job. Today none of our university degrees guarantees a decent job while no regular job could be achieved without clearing tests and examinations organized beyond university system. Small wonder voices are being raised to scrap the Graduate and Post Graduate examinations at universities at all. It is being argued that a university system free of examinations would attract only genuine students and teachers devoted to learning. In that situation, the energy and resources hugely consumed by holding multiple examinations for non-student examinees and evaluating them round the year could be better utilized for learning and research.

This situation has emerged due to wide gap between academic and societal issues. The syllabi are not framed as per demand of industry/ market. Though the NEP is all set to address this disconnect, yet we need to reassess our examination system as this age old evaluation system was meant for universities when examinees were in form of countable noun.

Now a days the number of entrants (not students, in strict sense of the term) and examinees has soared beyond management. We need to devise sort of New Examination Policy or NEP involving some electronic mechanism. Or bypassing the populist environment we need to strictly enforce the class-room attendance rules before allowing one to appear in examinations. Here too, one might need some electronic system to record attendance of the students. The NEP not coupled with another NEP (New Examination Policy) won't be able to heal the ailing University system, as even the best medicine can't be effective without proper abstinence.

**Kanjiv Lochan**

**1 जून, 2022 : विवि बांग्ला विभाग में सेमेस्टर 4 के छात्रों की विदाई का समारोह**



# हल-चल

## विद्यार्थियों ने जाना शोध पत्र लिखने का तरीका

विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग की ओर से 15 जून को शोधार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय था शोध पत्र कैसे लिखें। इसका आयोजन सेंटर फोर सोशल एंड एंवायरमेंटल रिसर्च रांची और ग्रीन मैजिक इनिशिएटिव रांची के सहयोग से किया गया था। इसमें बतौर आमंत्रित वक्ता एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और प्रोजेक्ट डायरेक्टर रिसर्च फाउंडेशन कर्नाटक डॉ जी पांडुरंग मूर्ति, प्रो ज्योति कुमार व प्रो. कुनुल कांदिर, आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में विवि के बॉटनी, जूलॉजी विभाग के शोधार्थियों व शिक्षकों के अलावा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के शोधार्थी भी शामिल हुए। कार्यशाला में डॉ पांडुरंग ने विस्तार से शोध पत्र लिखने की जानकारी दी।





## संकाय संवर्द्धन कार्यक्रमः विशेष व्याख्यान

राँची विश्वविद्यालय के यूजीसी- मानव संसाधन केंद्र में आयोजित संकाय में संवर्द्धन कार्यक्रम में 16 जून को तीन विशेष व्याख्यान हुए। इसमें रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ रवि भूषण ने संवैधानिक मूल्य, मानव अधिकार और मौलिक अधिकारों पर बात की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश की संवैधानिक व्यवस्था में नागरिकों के सर्वांगीण विकास के लिए कुछ मूलभूत अधिकारों की व्यवस्था की गई है। स्वतंत्रता से पूर्व औपनिवेशिक शासन के दौरान भारतीयों के साथ किया गया अमानवीय व्यवहार, जातिगत व्यवस्था और स्वतंत्रता के दौरान होनेवाले धार्मिक दंगों ने मानवीय गरिमा को छिन्न-भिन्न कर दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में संविधान निर्माताओं के समक्ष देश की एकता-अखंडता, मानवीय गरिमा को स्थापित करने और परस्पर विश्वास बहाल करने की चुनौती थी। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए संविधान निर्माताओं ने सार्वभौमिक अधिकारों की व्यवस्था की। इसमें अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती है।

## महिला अध्ययन पर रिफ्रेशर कोर्स

रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में 14 जून को रिफ्रेशर कोर्स की शुरुआत हुई।




इसका विषय था- महिला अध्ययन और लिंग संवेदीकरण। 27 जून तक चले कोर्स में देश के विभिन्न राज्यों के 41 शिक्षक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समन्वयक डॉ कुमुद कला मेहता ने बताया कि इसमें स्त्री विमर्श के विभिन्न पहलुओं के साथ स्त्री संबंधी नए दृष्टिकोण का विशेष अध्ययन किया गया। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी मौजूद थे।

## गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पर व्याख्यान

रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र रांची में चल रहे संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में 28 जून को उच्च शिक्षा की विभिन्न चुनौतियों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान हुए। पहले सत्र में बीआईटी मेसरा के सहायक प्राध्यापक डॉ निशिकांत कुमार ने रणनीति योजना और प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि नियोजन मस्तिष्क की एक प्रक्रिया है, जिसमें बुद्धिमता, कल्पना शक्ति, अग्रदृष्टि, पक्के इरादे आदि की आवश्यकता होती है। नियोजन यह निश्चय करना है कि किसी कार्य को किसी निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए किस तरह, किस स्थान पर, किस समय और किसकी ओर से किया जाना चाहिए। गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शिप्रा कुमारी ने उच्च शिक्षा और इसकी प्रणाली विषय पर व्याख्यान दिया। कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करना वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। भारत में बड़ी संख्या में कॉलेज और विश्वविद्यालय यूजीसी से निर्धारित न्यूनतम शर्तों को पूरा करने में असमर्थ हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक रिक्तियों के बावजूद बड़ी संख्या में नेट/पीएचडी किए उम्मीदवार बेरोजगार हैं। भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ शशिकांता टोप्पो ने सतत विकास और वैश्विक पर्यावरण पर इसका सामाजिक आर्थिक प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया।

## फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

एचआरडीसी, रांची विश्वविद्यालय, रांची में डॉ कुमारी उर्वशी के समन्वयन में 3 जून 2022 से चल रहे फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का को 30 जून समापन हुआ। जिसके तहत पहले सत्र में वस्तुनिष्ठ प्रश्न उत्तर, दूसरे सत्र में प्रतिभागियों से फीडबैक फॉर्म भरवाया गया तथा तीसरे सत्र में एचआरडीसी के डायरेक्टर डॉ सुदेश कुमार साहू के

द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि सीखना हमेशा बहुत ही रुचिकर तरीके से होना चाहिए तभी हम लंबे समय तक सीखे हुए को याद रखते हैं। आप सभी शिक्षक हैं शिक्षा ही वह धूरी है जिसके चारों ओर संपूर्ण शिक्षा प्रणाली घूमती है। आप शिक्षक ही हैं जो शैक्षिक नीतियों को व्यवहार में और कार्यक्रमों को क्रिया में परिवर्तित करते हैं। शिक्षा एक ऐसा सेवा उद्यम है जिस पर अर्थव्यवस्था के अन्य सभी क्षेत्र निर्भर हैं। यह ज्ञान, विश्वास, कौशल, मूल्यों और नैतिक आदर्शों को विकसित करता है। यह जीने के तरीके में सुधार करता है। जीवन को बेहतर और शांतिपूर्ण बनाता है, आत्मविश्वास देता है। दुनिया को बदलने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है। प्रतिभागियों ने 28 दिन के कोर्स की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। चौथे और अंतिम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभागियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें सर्वप्रथम डॉक्टर शीत निहाल के द्वारा रांची विश्वविद्यालय का कुल गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ स्वाति, डॉ शर्मिला, डॉ जयदेव, डॉ खुशबू, डॉ विनीता, डॉ निधि, डॉ प्रकाश ने बांग्ला, हिंदी और भोजपुरी गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ कुमारी उर्वशी तथा डॉ शीत निहाल के द्वारा कविता पाठ किया गया ।

## रांची वीमेंस कॉलेज में शुरू हो गयी नामांकन प्रक्रिया

रांची वीमेंस कॉलेज में बीएससी आइटी, बीए इन फैशन डिजाइनिंग, बीएससी इन क्लीनिकल न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में नामांकन प्रक्रिया 29 जून से शुरू हो गयी है। बीए इन फैशन डिजाइनिंग में इंटर के तीनों संकाय यानी आइए, आइएससी और आइकॉम उत्तीर्ण छात्राएं नामांकन ले सकती हैं। बीएससी इन क्लीनिकल न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स, बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, बीएससी आइटी में प्रवेश के लिए इंटर में साइंस जरूरी है।

## साइबर सिक्योरिटी में शुरू होगा नामांकन

रांची विश्वविद्यालय में वोकेशनल के स्ववित्तपोषित पाठयक्रम के तहत एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसमें इसी शैक्षणिक सत्र से नामांकन लिया जाएगा। यह पाठयक्रम विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के अंतर्गत संचालित होगा। इसके लिए इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन के साथ पिछले दिनों रांची विश्वविद्यालय ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। कोर्स के संचालन में संस्था साइबर पीस काउंसिल तकनीकी सहयोग देगी। यह एमओयू 5 वर्षों के लिए किया गया है। इस संबंध में 28 जून को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, वोकेशनल पाठयक्रमों की उपनिदेशक डॉ स्मृति सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ कुमार एएन शाहदेव व इंस्टीटयूट आर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन के प्रतिनिधि मौजूद थे। इसमें पाठयक्रम के स्वरूप, सिलेबस, फीस, प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता आदि पहलुओं पर चर्चा की गई। कुलपति ने एक सेकेंडरी एमओयू तैयार करने को कहा, जिसमें विश्वविद्यालय और बीएसएनएल की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। कोर्स के संचालन के लिए साइबर पीस काउंसिल की ओर से 8 जुलाई के बाद प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें उन्हें साइबर सिक्यूरिटी विशेषज्ञ प्रशिक्षित करेंगे। इसका सिलेबस तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जिसमें एमसीए और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के निदेशक व समन्वयक शामिल हैं। इसमें ऑफलाइन कक्षाओं के अलावा ऑनलाइन कक्षाएं भी होंगी, जिसमें देश-विदेश के साइबर विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे।

## आइक्यूएससी व विवि के पदाधिकारियों की बैठक

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने 27 जून को मोरहाबादी के बेसिक साइंस भवन में इंटरल क्वालिटी इंश्योरेंस सेल (आइक्यूएससी) के सदस्यों और विवि के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कुलपति ने इससे संबंधित बजट बनाकर भेजने का निर्देश दिया। बैठक में आइक्यूएससी डायरेक्टर डॉ जीएस झा, सचिव डॉ स्मृति सिंह, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ नीरज आदि शामिल थे। इस दौरान कुलपति फिजिक्स डिपार्टमेंट गये और शुरू हो रहे साइबर सिक्यूरिटी कोर्स की जानकारी ली।

## कुलपति ने किया विभाग का निरीक्षण

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने 24 जून को स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन विभाग का निरीक्षण किया। बिल्डिंग के ऑडोटोरियम, लाइब्रेरी और स्टूडियो को देखने के बाद सभी जरूरतों की जानकारी ली। कहा कि यहां फर्नीचर और उपकरणों की कमी जल्द खत्म होगी। इस अवसर पर विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, विभाग के उप निदेशक डॉ विष्णु चरण महतो, समन्वयक डॉ डीके सहाय, आदि मौजूद थे।

## विज्ञान प्रसार और विवि के बीच हुआ करार

विश्वविद्यालय के सामुदायिक स्टेशन रेडियो खांची 90.4 एफएम और विज्ञान प्रसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के बीच 20 जून को दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। कुलपति सभागार में एमओयू पर रांची विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलपति प्रो



कामिनी कुमार व विज्ञान प्रसार भारत सरकार के निदेशक डॉ नकुल पराशर ने हस्ताक्षर किए। मौके पर विज्ञान प्रसार के डॉ बीके त्यागी सलाहकार विज्ञान प्रसार, इंदरजीत सिंह रजिस्ट्रार विज्ञान प्रसार, डॉ कपिल त्रिपाठी, प्रधान अन्वेषक विज्ञान प्रसार चैनल, निमिष कपूर प्रधान अन्वेषक कम्युनिटी रेडियो, डॉ भारत भूषण प्रधान अन्वेषक जनजातीय विज्ञान प्रसार मौजूद थे। पहले एमओयू के तहत विज्ञान का प्रचार जनजातीय भाषा व जनजातीय क्षेत्रों में रेडियो खांची 90.4 एफएम विश्वविद्यालय करेगा। जिसके अंतर्गत देश के 10 जनजातीय क्षेत्रों में अवस्थित सामुदायिक रेडियो स्टेशन का मेंटरशिप भी रांची विश्वविद्यालय करेगा। दूसरे एमओयू के तहत विज्ञान का प्रचार-प्रसार रेडियो खांची के जरिए किया जाना है। इसके अंतर्गत भी देश के 10 सामुदायिक रेडियो स्टेशन की मेंटरशिप रांची विश्वविद्यालय करेगा। रांची विज्ञान प्रसार के निदेशक डॉ नकुल पराशर ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रभारी कुलपति को दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रसार का अपना ओटीटी चैनल है। एक वर्ष में 370 फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं और वह भविष्य में रांची विश्वविद्यालय का भी सहयोग लेंगे। क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं में विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए रांची विश्वविद्यालय का टीआरएल विभाग एक नोडल एजेंसी ग्रुप में काम करे, इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विज्ञान व पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए 40 घंटे का साइंस पब्लिकेशन विषय को पढ़ाने का प्रस्ताव रखा, जिसे प्रभारी कुलपति ने स्वीकार किया।

## कई कॉलेजों में हुआ योग दिवस का आयोजन

मारवाड़ी कॉलेज में योग दिवस पर 21जून को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 'ऊं' के उच्चारण के साथ इसकी महत्ता की चर्चा की गई। सूक्ष्म व्यायाम के साथ शारीरिक क्रियाओं की शुरुआत हुई। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि योगाभ्यास से जीवन अनुशासित होता है तथा तन निरोग होता है। प्रो इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा व डॉ पीके झा ने योग के महत्त्व पर बात की। प्रो अरविंद व प्रो रजक ने योग के आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। मौके पर डॉ महेश्वर सारंगी, डॉ बीबी महतो, समीर निरंजन आदि मौजूद थे।

**गोस्सनर कॉलेज में योग दिवस:** विश्व योग दिवस पर गोस्सनर कॉलेज में योगाभ्यास सत्र आयोजित किया गया। गोस्सनर कॉलेज के अंग्रेजी के पूर्व विभागाध्यक्ष सह योग प्रशिक्षक डॉ पीके डेविड के निर्देशन में शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। छात्रा नीलांजना कुमारी ने भी योगाभ्यास कराने में सहयोग दिया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो इलानी पूर्ती ने सबको योग करने के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ प्रशांत गौरव ने किया।

**संट जेवियर्स कॉलेज में योगाभ्यास:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संट जेवियर्स कॉलेज की एनएसएस और एनसीसी इकाई की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## विषयों को मूल्यपरक बनाकर छात्रों तक पहुंचाएं: डीएसडब्लू

रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी-मानव संसाधन केंद्र में आयोजित संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम में 17 जून को उच्च शिक्षा प्रणाली में मूल्य आधारित शिक्षा और अनुसंधान, विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। बतौर वक्ता रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मूल्य शिक्षा की अवधारणा अपेक्षाकृत आधुनिक और व्यापक है। इसका तात्पर्य उस शिक्षा से है जिसमें हमारे नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्य समाहित होते हैं। इसमें विभिन्न विषयों को मूल्यपरक बनाकर उसके माध्यम से विभिन्न मूल्यों को छात्रों के व्यक्तित्व में समाहित करने पर बल दिया जाता है, जिससे उनका संतुलित और सर्वोन्मुखी विकास हो सके।

## मैसूर विवि का भ्रमण

झारखंड के विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के साथ बेहतर नैक मूल्यांकन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मैसूर विश्वविद्यालय, कर्नाटक की बेस्ट प्रैक्टिस अपनाई जाएगी। इसके लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से विश्वविद्यालय शिक्षकों का चार सदस्यीय दल 21 से 23 जून को मैसूर विश्वविद्यालय, कर्नाटक के भ्रमण के लिए गया। इस दल के अध्यक्ष नीपी विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के प्रतिकुलपति डॉ डीएन यादव थे। साथ ही, सदस्य के रूप में- रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक- डॉ कंजीव लोचन, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अभय कृष्ण सिंह और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ हिमांशु शेखर चौधरी शामिल थे। इस दल ने मैसूर विश्वविद्यालय में अपनाई गई सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। यह अध्ययन नैक मूल्यांकन के सात मापदंडों, पर आधारित होगा। इसके तहत पाठयचर्या पहलू में- पाठयचर्या डिजाइन और विकास, पाठयचर्या योजना और कार्यान्वयन, अकादमिक लचीलापन, पाठयक्रम संवर्धन, प्रतिक्रिया प्रणाली, शामिल थे। टीम ने 29 जून को अपनी रिपोर्ट एच. आर. डी. झारखंड सरकार को सौंप दी।



29 जून : एच आरडी विभाग, झारखंड सरकार में मैसूर विवि के भ्रमण की चर्चा में हमारे कुलपति, सचिव एवं अन्य

## सात कर्मचारियों को मिली प्रोन्नति

विवि में चतुर्थवर्ग में कार्यरत सात कर्मचारियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति दी गयी है। विवि नियमानुसार लिखित व मौखिक परीक्षा के बाद इन कर्मचारियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नत किया गया है। कुलपति के आदेश पर 2 जून को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इन कर्मचारियों को वेतनमान 5200-20200 (ग्रेड पे 2400) के तहत प्रोन्नति दी गयी है। इनमें राजदीप बिन्हा और बिमला कुमारी को एलडीए, संतोष कुमार वर्मा को स्टोर कीपर, जीतेंद्र कुमार महतो को एससीटी, कर्मबीर उरांव, लक्ष्मण गोप और आकाश खलखो को रूटीम क्लर्क में प्रोन्नति दी गयी है। इन कर्मचारियों को प्रोन्नति देने की अनुशंसा आठ अप्रैल की प्रोमोशन कमेटी की बैठक में की गयी थी।

## विवि में होगी नि:शुल्क यूपीएससी की तैयारी

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अब नि:शुल्क यूपीएससी की तैयारी करायी जायेगी। 200 विद्यार्थियों को इस कोचिंग का फायदा मिलेगा। इसके लिए रांची विवि के पास किरण प्रकाशन दिल्ली ने गत माह प्रस्ताव भेजा है। इसमें एक्सपर्ट शिक्षक विद्यार्थियों की क्लास लेंगे। डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा ने बताया कि हमारे पास यूपीएससी की तैयारी से संबंधित प्रस्ताव आया है। यूपीएससी की तैयारी ऑनलाइन करायी जायेगी। प्रत्येक दिन चार घंटे क्लास चलेगी इसमें दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी करवाने वाले एक्सपर्ट शिक्षक शामिल होंगे। क्लास 11 महीने चलेगी। रांची विवि में पहली बार होगा जब विद्यार्थियों को यूपीएससी की तैयारी करने का मौका मिलेगा।

## अब नौकरी पेशा भी विवि से एमबीए कर पाएंगे

रांची विश्वविद्यालय में भी अब एग्जीक्यूटिव एमबीए की पढ़ाई होगी। यह कोर्स इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आइएमएस) में शुरू होगा। इस संबंध में आइएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी ने विवि को एक प्रस्ताव भेजा है। एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स के पहले बैच में 60 सीटों पर एडमिशन होगा। सप्ताह में सिर्फ दो दिन शनिवार और रविवार को क्लास चलेगी। यह कोर्स तीन वर्ष का होगा कोर्स पूरा होने के बाद वर्किंग लोगों को एमबीए का सर्टिफिकेट दिया जायेगा एग्जीक्यूटिव एमबीए की पढ़ाई बड़े संस्थानों में करायी जाती है। यहां वकिंग लोग पार्ट टाइम एमबीए की पढ़ाई करते हैं। इसमें आइआइएम सहित अन्य संस्थान शामिल हैं इसके अलावा विदेशों में भी इएमबीए की पढ़ाई करायी जाती है। इससे वर्किंग लोगों को जॉब के साथ एमबीए की डिग्री मिल जाती है। डॉ तिवारी ने बताया कि इस कोर्स के शुरू होने से कई सेक्टर के लोगों को फायदा होगा।



10 जून : विवि प्राणी विज्ञान विभाग में चिकित्सकों की परीक्षा

## सात शिक्षकों का तबादला

रांची विश्वविद्यालय के सात शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग की गई है। 16 जून को सिंडिकेट की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ अभिनय कुमार का तबादला रांची विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग से केओ कॉलेज गुमला में कर दिया गया है। अन्य शिक्षक जिनकी ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई है, उनमें डोरंडा कॉलेज के भूगोल के सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार लाल का तबादला विश्वविद्यालय विभाग में किया गया है। डंरोडा कॉलेज के बंगाली विभाग के डॉ बरुण कुमार को पीपीके कॉलेज बुंडू भेजा गया है। इसी कॉलेज के कॉमर्स विभाग के डॉ संजीव चतुर्वेदी मारवाड़ी कॉलेज में भेजा गया। रांची वीमेंस कॉलेज की नागपुरी विभाग की एस केसरी को विश्वविद्यालय विभाग में तबादला किया गया। केओ कॉलेज के एंथ्रोपोलॉजी विभाग की सिरिस्ता जुलिता मिंज को रांची विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग में भेजा गया है। एसएस मेमोरियल कॉलेज के इतिहास विभाग के मोहित कुमार लाल को विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में भेजा गया है।

## विवि मुख्यालय से मोराबादी कैंपस तक खुलेंगी कैंटीन

विवि के पीजी विभागों व मुख्यालय में विवि की ओर से चार कैंटीन खोलने की तैयारी हो रही है। चारों के लिए जगह चिह्नित कर लिया गया है, इसके लिए टेंडर जारी किया जायेगा। अब तक मुख्यालय में कोई कैंटीन नहीं था। रांची विवि में कैंटीन के लिए चार जगह चिह्नित किये गये हैं। पहली जगह मुख्यालय में जहां परीक्षा से संबंधित फार्म मिलता है, दूसरी जगह मल्टीपरपज हॉल के सामने वाली बिल्डिंग में, तीसरी जगह साइंस ब्लॉक और चौथी जगह आइएलएस बिल्डिंग में चिह्नित की गयी है। पीजी के दोनों कैंपस और आइएलएस में कैंटीन खुलने से यहां के 4000 से अधिक विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। विवि के पीआरओ डॉ प्रीतम कुमार ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसको पूरा करने के बाद कैंटीन शुरू कर दिया जायेगा।

## विवि को मिले मुंडारी के 18 शिक्षक

जेपीएससी ने राज्य बनने के बाद पहली बार रांची विवि को जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा के तहत 18 मुंडारी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर की नियमित नियुक्ति की अनुशंसा की है। झारखंड से सिर्फ रांची विवि द्वारा जेपीएससी को मुंडारी भाषा में नियमित नियुक्ति के लिए 25 रिक्तियां भेजी गयी थीं। वर्ष 2008 में जनजातीय भाषा के तहत प्रक्रिया शुरू की गयी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे रद्द कर दिया गया था। आयोग ने रिक्तियों के विरुद्ध 16 व 17 जून 2022 को इंटरव्यू लिया था। इस इंटरव्यू में कुल 55 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया था। इनमें आरक्षित कोटा में कुल 17 पद के विरुद्ध 17 तथा एसटी कैटेगरी में एक के विरुद्ध एक अभ्यर्थी की अनुशंसा की गयी। इंटरव्यू में योग्य अभ्यर्थी के नहीं मिलने पर एससी कैटेगरी में तीन पद, बीसी वन में दो पद और बीसी टू में दो पद खाली रह गये। आयोग में नियमित नियुक्ति प्रक्रिया 2018 से चल रही है। सुप्रीम कोर्ट व राज्यपाल के निर्देश के आलोक में 15 जनवरी 2019 को नियमित नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी गयी थी। इसके बाद पुन: निर्देश मिलने के बाद आयोग ने 10 फरवरी

से नियमित नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ की। सबसे पहले संताली विषय से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी। जिसका रिजल्ट सात मार्च 2022 को जारी किया गया था। इनकी हुई अनुशंसा-वीरेंद्र कुमार सोय, करम सिंह मुंडा, अलबीना जोजो, इसाबेला होरो, सब ह मुंडा, सावित्री कुमारी, मार्शल पूर्ति, करम सिंह ओरिया, इंदिरा कोंगारी, लखींद्र मुंडा, जूरन सिंह मानकी, वासुदेव हासा, किशोर सुरीन, जय मुणि बारियौद, विशेश्वर मुंडा, पार्वती मुंडू, खातिर हेंब्रम और अजीत मुंडा।

## वीमेंस कॉलेज में फाइन आर्टस और जापानी भाषा की होगी पढ़ाई

रांची वीमेंस कॉलेज एकेडमिक काउंसिल ने सत्र 2022-26 से चार वर्षीय फाइन आर्ट डिग्री कोर्स और सर्टिफिकेट कोर्स के रूप में जापानी भाषा की पढ़ाई शुरू करने की मंजूरी दे दी है। प्राचार्य डॉ शमशुन नेहार की अध्यक्षता में 23 जून को हुई काउंसिल की बैठक में छात्राओं में कौशल बढ़ाने के लिए मार्शल आर्ट और मोटर ड्राइविंग स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी शुरू करने का निर्णय लिया गया है। मोटर डाइविंग स्किल कोर्स प्रेमसंस मोटर्स और मार्शल आर्ट कोर्स झारखंड आई पुलिस (जैप) के सहयोग से शुरू होगा। बैठक में समाजशास्त्र विषय में क्रिमिनोलॉजी विषय को शामिल करने, डिप्लोमा इन फोटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग कोर्स अगले सत्र से आरंभ करने का निर्णय लिया गया। बीएड कोर्स में छात्राओं की परेशानी को देखते हुए सत्र 2018-21 से दो जेनरल इलेक्टिव विषय को शामिल करने पर सहमति बनी। बैठक में रांची विवि वोकेशनल स्टडीज काउंसिल द्वारा भेजे गये छह सर्टिफिकेट कोर्स जिनमें अरेबिक, फ्रेंच, बेसिक टेलरिंग, हेल्थ एंड हाइजिन, जेंडर सेनिटाइजेशन और जापानी लैंग्वेज के रेगुलेशन को स्वीकार किया गया। इसके अलावा बैठक में हाइब्रिड मोड पर पठन-पाठन शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ अभिजीत दत्ता, डॉ संजय मिश्रा, डॉ फिरोज अहमद, डॉ के श्यामला, पुनीत पोद्दार, डॉ आरसी मिश्रा आदि शामिल थे।

## 45 सहायक प्राध्यापकों की सेवा संपुष्ट

रांची विश्वविद्यालय सिंडिकेट की बैठक 16 जून को प्रभारी कुलपति डॉ कामिनी कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें जेपीएससी में से बैकलॉग नियुक्ति में आए वैसे 45 सहायक प्राध्यापक, जिनकी नियुक्ति का एक वर्ष पूरा हो गया था, उनकी सेवा संपुष्टी की गई। बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा, प्रॉक्टर डॉ टीएन साहू, रजिस्ट्रार मुकुंद चंद्र मेहता सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

इनकी सेवा संपुष्टी की गई- बॉटनी: अनिता तिडू (रांची वीमेंस कॉलेज),श्वेता नाग (रांची वीमेंस कॉलेज), राजीव चंद्र रजक (मारवाड़ी कॉलेज), समीर गुंजन लकड़ा (आरएलएसवाई कॉलेज), बिनोद कुमार महतो (एसएस मेमोरियल कॉलेज), मंजू सिंकु (एसएस मेमोरियल कॉलेज), विनित बड़ाईक (जेएन कॉलेज), अमर दास (केओ कॉलेज)। केमिस्ट्री: शिववनंदन राम (मारवाड़ी कॉलेज), डॉ स्नेहा साह (डोरंडा कॉलेज), प्रियंका जोजो (जेएन कॉलेज), अत्येंद्र कुमार (सिमडेगा कॉलेज), तेतरु तिर्की (केओ कॉलेज), सुरेंद्र राम (पीपीके कॉलेज), प्रतिभा महतो (रांची वीमेंस कॉलेज)। अंग्रेजी: मनु भारती (रांची वीमेंस कॉलेज), रोनाल्ड पंकज खलखो (मारवाड़ी कॉलेज), शालिनी (डोरंडा कॉलेज), आशा रानी होरो (डोरंडा कॉलेज), शिखा सिंह (आरएलएसवाई कॉलेज), जुही रोज वंदन मिंज (बिरसा कॉलेज), रीमा सुप्रिया कुजूर (सिमडेगा कॉलेज), नेहा टोप्पो (केसीबी कॉलेज), जुन सिसिलिया बारला (बीएन जालान कॉलेज), जया नलिनी एक्का (जेएन कॉलेज), तिरेसा टुडू (जेएलए कॉलेज), (जियोलॉजी) अरविंद राणा बिलुंग (केसीबी कॉलेज), सुरेश कुमार सामद (पीजी विभाग), नीलू प्रिया (पीजी विभाग), अमित कुमार (पीजी विभाग), चंचल लकड़ा (पीजी विभाग)। फिजिक्स: प्रीति दीपिका मिंज (रांची वीमेंस कॉलेज), संतोष रजवार (आरएसएसवाई कॉलेज)। साइकोलॉजी: अमिता रुंडा (रांची वीमेंस कॉलेज), अलका रानी बाड़ा (रांची वीमेंस कॉलेज), राजबाला कुमारी (रांची वीमेंस कॉलेज), डॉ ज्योति किंडो, डॉ राज किशोर राम, ममता प्रिया कुजूर, पूनम माई टूटी, इंदू सुलंकी, संजय भोगता, आनंद मांझी, आशा रानी लकड़ा (केसीबी कॉलेज)।

## सात शिक्षकों का तबादला

रांची विश्वविद्यालय के सात शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग की गई है। 16 जून को सिंडिकेट की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ अभिनय कुमार का तबादला रांची विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग से केओ कॉलेज गुमला में कर दिया गया है। अन्य शिक्षक जिनकी ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई है, उनमें डोरंडा कॉलेज के भूगोल के सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार लाल का तबादला विश्वविद्यालय विभाग में किया गया है। डोरंडा कॉलेज के बंगाली विभाग के डॉ बरुण कुमार को पीपीके कॉलेज बुंडू भेजा गया है। इसी कॉलेज के कॉमर्स विभाग के डॉ संजीव चतुर्वेदी को मारवाड़ी कॉलेज में भेजा गया। रांची वीमेंस कॉलेज की नागपुरी विभाग की एस केसरी को विश्वविद्यालय विभाग में तबादला किया गया। केओ कॉलेज के एंथ्रोपोलॉजी विभाग की सिरिस्ता जुलिता मिंज को रांची विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग में भेजा गया है। एसएस मेमोरियल कॉलेज के इतिहास विभाग के मोहित कुमार लाल को विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में भेजा गया है।

## 'प्रिमिटिव पीपुल्स इन झारखण्ड' पुस्तक का लोकार्पण



प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, प्रकाशक, लेखक कंजीव लोचन व अन्य


*Published by :* Ranchi University, Ranchi *Printed by:* I. D. Publishing, Ranchi © 9431182812